हिन्दी पाक्षिक

# सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-17 हरिद्वार, सोमवार, 15 जुलाई, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

## कांवड़ के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था परेशानी न हो : सीएम




**हरिद्वार (संवाददाता)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मेला नियंत्रण कक्ष हरिद्वार में कावड़ मेला 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कांवड़ मेला शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कांवड़ के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। स्थानीय लोगों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि कांवड़ मेला हर वर्ष आयोजित होता है, इसके दृष्टिगत स्थायी प्रकृति के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। दीर्घकालीन विकास की कार्य योजनाओं को कार्य संस्कृति में लाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा की शिव भक्त कावड़ियों के स्वागत में हेली से पुष्प वर्षा की व्यवस्था की जाए। कावड़ यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन तैयार रहे। कावड़ यात्रा में संपूर्ण मार्ग पर पुलिस बलों की तैनाती के साथ विभिन्न स्थानों पर अस्थाई पुलिस चौकी का निर्माण कार्य भी कराया जाए एवं अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों से भी नियमित निगरानी रखे जाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। बाईपास और वैकल्पिक मार्गों की जानकारी साइन बोर्ड के माध्यम से कावड़ियों को दी जाए। उन्होंने कांवड़ को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निरन्तर पड़ोसी राज्यों से भी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि कावड़ यात्रा से पहले कावड़ पटरी के सौंदर्यीकरण एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाई जाए। कावड़ यात्रा मार्ग पर शौचालयों, स्नान घरों, स्वच्छ पेयजल, यात्री शेड, लाईट, मेडिकल सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कावड़ियों की यात्रा और सुगम सरल हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यात्रा मार्ग एवं हरिद्वार क्षेत्र में स्थित होटलों ढाबों में भोजन की गुणवत्ता हेतु गुणवत्ता चेकिंग अभियान नियमित चलाया जाए, होटलों और ढाबों में रेट लिस्ट लगाये जाए। कावड़ यात्रा के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए, सफाई का कार्य 24 घंटे संचालित रहे। यह सुनिश्चित किया जाए कि मेला क्षेत्र में किसी तरह का अतिक्रमण न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, सड़कों पर यातायात प्रभावित न हो, यातायात प्रबंधन के लिये बेहतर रूट प्लान बनाया जाए। उन्होंने हरिद्वार क्षेत्र में पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अन्य राज्यों से परस्पर समन्वय बनाकर कॉमन डायवर्जन प्लान बनाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा वाटर एंबुलेंस की व्यवस्था भी कावड़ यात्रा के दौरान की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कावड़ यात्रा में भी विशेष वेरिफिकेशन ड्राइव चलाए जाए। ताकि पहचान छुपा कर आने वाले लोगों पर सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जा सके। विभिन्न कार्यों के सुपरविजन हेतु विशेष मजिस्ट्रेट की नियुक्तियां भी की जाए। जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि कावड़ मेला अवधि 22 जुलाई से 2 अगस्त तक है। इस वर्ष 5.5 करोड़ कावड़ियों के हरिद्वार आने की संभावना है। कांवड यात्रा के सुचारू संचालन हेतु कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जो 24 घण्टे संचालित होगा। यात्रा के सुचारू संचालन हेतु 14 सुपर जोन, 36 जोन एवं 130 सेक्टर बनाये गये हैं। मेले के लिए 5 नोडल अधिकारियों को नामित किए गए हैं। कांवड पटरी एवं प्रमुख मार्गों को यात्रा हेतु सुगम एवं सुविधाजनक बनाया गया है। स्वास्थ्य शिविर, मोबाईल मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस की सुविधा भी बढ़ाई जा रही है। बैठक के दौरान श्री गंगा सभा, विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों ने बीते वर्ष सफल कावड़ यात्रा हेतु मुख्यमंत्री का आभार जताया एवं कावड़ मेला- 2024 के लिए अपने सुझाव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। जिस पर मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन एवं विभिन्न संगठनों, एनजीओ एवं स्थानीय जनता के सहयोग से यात्रा को सफल बनाने का आग्रह किया। साथ ही वर्चुअल माध्यम से जुड़े जिलाधिकारी देहरादून, रूद्रप्रयाग और पौड़ी ने जिले स्तर पर की गई तैयारी के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, विधायक श्री आदेश चौहान, श्री प्रदीप बत्रा, श्रीमती ममता राकेश, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्धन, प्रमुख सचिव श्री आर के सुधांशु, श्री एल.फैनई, डीजीपी श्री अभिनव कुमार, सचिव श्री शैलेश बगोली, श्री नितेश कुमार झा, श्री सचिन कुर्वे, श्री विनोद कुमार सुमन, डॉ. आर. राजेश कुमार, कमिश्नर गढ़वाल श्री विनय शंकर पाण्डेय, एडीजी श्री ए.पी. अंशुमान, आई.जी गढ़वाल श्री के.एस नगन्याल, अपर सचिव श्री रणवीर सिंह चौहान, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी, एसएसपी. हरिद्वार श्री प्रमेन्द्र डोभाल एवं जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अमरनाथ नंबूदरी बने बदरीनाथ धाम के प्रभारी रावल, निवर्तमान रावल को दी गई भावभीनी विदाई

**देहरादून (संवाददाता)।** विश्वप्रसिद्ध श्री बदरीनाथ के नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी ने आज बदरीनाथ धाम के प्रभारी मुख्य पुजारी रावल का दायित्व संभाल लिया है, साथ ही सेवानिवृत्त रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को मंदिर समिति ने सम्मानस मारोह में विदाई दी। प्रात: 8.30 बजे प्रभारी रावल ने पंच पंचतीर्थ स्नान किया श्री बदरीनाथ मंदिर के निकट पंच शिलाओं के दर्शन किये तप्तकुंड, विष्णुपदी गंगा अलकनंदा नदी, ऋषि गंगा,कुर्मूधारा प्रह्लाद धारा, नारद कुंड, में स्नान संपन्न हुआ तथा पंच शिला नारद शिला, नरसिंह शिला, वराह शिला, गरूड़ शिला,मार्कंडेय शिला,के दर्शन किये। निवर्तमान रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने अपने कार्यकाल की प्रातरूकाल को संपादित होनेवाली अभिषेक पूजा संपन्न की उसके बाद प्रात: साढ़े सात बजे बाद अंतिम बालभोग लगाया। उसके बाद नये प्रभारी रावल अमरनाथ नंबूदरी को आशीर्वाद मंत्र तथा स्वर्ण छड़ी (शिंगौल) सौंपी। इसके बाद पहली बार प्रभारी रावल ने श्री बदरीनाथ मंदिर गर्भ गृह में पूजा-अर्चना हेतु प्रवेश किया। आज से प्रभारी रावल शायंकालीन तथा कल से प्रात: से शायंकालीन पूजाओं का संपादन करेंगे। इस अवसर पर श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने शुभकामनाएं दी है।



आज धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात सेवानिवृत्त रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को मंदिर समिति कार्यालय सभागार में भव्य समारोह में विदाई दी गयी। इस अवसर पर मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिह ने सेवानिवृत्त रावल के विदाई समारोह के दौरान अभिनंदन पत्र पढ़कर सेवानिवृत्त रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को सौंपा। इस अवसर पर मुख्य कार्याधिकारी ने सेवानिवृत्त रावल के श्री बदरीनाथ धाम के मुख्य अर्चक के रूप में की गयी सेवा, कर्तब्यपरायणता, सौम्य व्यवहार, अनुशासन, की भूरि- भूरि प्रशंसा की कहा कि धर्माधिकारी, वेदपाठी, डिमरी पंचायत, हक हकूकधारियों तथा तीर्थयात्रियों से बेहतर तालमेल एवं समन्वय से कार्य किया।

इस अवसर पर माहौल भावुक हो गया साथ ही बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित वक्ताओं ने सेवानिवृत्त रावल की सेवा भावना को याद किया। समारोह के अंत में सेवानिवृत्त रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने भगवान बदरीविशाल एवं मंदिर समिति का आभार जताया। सभी मंदिर समिति सदस्यों सहित मुख्य वित्त अधिकारी आनंद सिंह अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, सहायक अभियंता गिरीश देवली सहायक विधि अधिकारी एसएस बर्त्वाल, अभियंता विपिन तिवारी सहित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, ?तीर्थ पुरोहितों ने नव नियुक्त प्रभारी रावल को बधाई दी है। आज भी धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, ?वेदपाठी रविंद्र भट्ट, अमित बंदोलिया,द्वारा डिमरी भितरी बडुवागणों निवर्तमान रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी सहित मंदिर समिति पदाधिकारियों, डिमरी भितरी बडुवागत, कमदी, मेहता थोक पदाधिकारियों, पांडुकेश्वर, बामणी,माणा के हकहकूकधारियों की उपस्थिति में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किये एवं पंच तीर्थ भ्रमण किया। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़ के अनुसार श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने दक्षिण भारत के प्रमुख समाचार पत्रों में नायब रावल पद हेतु योग्य उम्मीद्वारों में से चयन हेतु विज्ञप्ति जारी की थी विज्ञप्ति प्रकाशन के पश्चात नायब रावल पद हेतु आवेदन मंदिर समिति को प्राप्त होने के बाद मंदिर समिति द्वारा शीघ्र स्क्रीनिंग एवं नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जा रही है। आज धार्मिक अनुष्ठान तथा विदाई सम्मान समारोह के अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्य वीरेंद्र असवाल मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, विशेष कार्याधिकारी रमेश सिंह रावत, बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारीध् मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चैहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चैहान सहित डिमरी बडुवागण, कमदी, मेहता थोक पदाधिकारियों, पांडुकेश्वर, डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष विनोद,माणा के ग्राम प्रधान पीतांबर मोल्फा शिवप्रसाद डिमरी, दिनेश डिमरी,विपुल डिमरी, पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीण ध्यानी, पूर्व मंदिर समिति सदस्य दिनकर बाबुलकर,उपाध्यक्ष सुधाकर बाबुलकर नगर पंचायत ईओ सुनील पुरोहित,थाना प्रभारी नवनीत भंडारी अवर अभियंता गिरीश रावत, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट एवं राजेंद्र सेमवाल, जगमोहन बर्त्वाल, संतोष तिवारी, लेखाकार भूपेंद्र रावत, अतुल डिमरी,केदार सिंह रावत, संदेश मेहता,संजय तिवारी,अजय सती अनसूइया नौटियाल,अजीत भंडारी, कुलानंद पंत, हरेंद्र कोठारी, योगंबर नेगी दिनेश भट्ट, मनमोहन नेगी, रत्नेश पंवार, अमित पंवार, विकास सनवाल, धीरज मेहता, दीपक सयाना राजदीप सनवाल,नारायण नंबूदरी,हरीश जोशी, अमित डिमरी, राजेश नंबूदरी राहुल मैखुरी,दर्शन कोटवाल आदि मौजूद रहे।

## देश दुनिया में हो रहा युग चेतना का विस्तार-डा.चिन्मय पण्ड्या

हरिद्वार, संवाददाता। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा.चिन्मय पण्ड्या के विदेश प्रवास के बाद वापस शांतिकुंज पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने वियतनाम, सिंगापुर, जापान में युग चेतना एवं भारतीय संस्कृति का विस्तार किया। मुम्बई में डा.चिन्मय पण्ड्या को विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय संबंध (वीटीआर) शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

डा.चिन्मय पण्ड्या ने बताया कि विदेशों में युवा भारतीय संस्कृति के सूत्रों को अपने व्यवहारिक जीवन में अपना रहे हैं। हिरोशिमा में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विश्व के अनेक देशों के प्रतिनिधियों ने भारतीय संस्कृति एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के कार्यों को तर्क, तथ्य एवं प्रमाण के साथ जाना। विश्व स्वास्थ्य संगठन में योग विशेषज्ञ डा.चिन्मय पण्ड्या ने वितयनाम के भारतीय दूतावास सहित कई संस्थानों में योग एवं आयुर्वेद को व्यावहारिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय संबंध शांति पुरस्कार सहित शताधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त युवा आइकान डा.चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि युगऋषि पं.श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के आशीर्वाद एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डा.प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी के मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया है। यह सम्मान करोड़ों गायत्री परिवार के सदस्यों का है।चिन्मय पण्डया की इस उपलब्धि पर अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डा.प्रणव पण्ड्या, शैलदीदी, शिवप्रसाद मिश्र, व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा, वेदमाता गायत्री ट्रस्ट के ट्रस्टी हरीश भाई ठक्कर ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## सम्पादकीय

### पानी की खपत कम करें

पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण सही दृष्टिकोण से प्राप्त किया जा सकता है। उपयोग करने और फेंकने के नियम के विपरीत बचत सभ्यता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। अपनी खपत को कम करें। उदाहरण के लिए स्टेशनरी कागजों का दोनों तरफ से उपयोग करें। अपनी थाली में उतना ही भोजन डालें जितना आप खा सकते हैं। सामान और वस्तुओं को घर में एक व्यवस्थित तरीके से एकत्र किया जाना चाहिए ताकि उन्हें व्यर्थ ईधर-उधर पड़े रहने से रोका जा सके। आप ईंधन कुशल कारों को अच्छे तरीके से चला सकते हैं और खुद को गर्म रखने के लिए हीटर पर निर्भर ना रहें। लगभग सभी चीजों का पुनष्ट उपयोग किया जा सकता है। उन उत्पादों को खरीदने की कोशिश करें जो रीसाइक्लिंग होने में सक्षम हैं। कपड़ों के बैग का प्रयोग करें- पॉलिथीन और प्लास्टिक को ना कहें। ग्लास, पेपर, प्लास्टिक या धातु इन सब चीजों को फिर से इस्तेमाल किया जा सकता है। जार, शराब की बोतलें, टुटा हुआ चश्मा, पुराने अख़बार, कागज़ात, कार्डबोर्ड आदि या कोई अन्य चीज जो अब उपयोगी नहीं हैं उसका पुनर्नवीनीकरण किया जा सकता है। हमें पानी बर्बाद नहीं करना चाहिए क्योंकि पानी ही जीवन है। स्वच्छ और ताजा पानी हमारे दैनिक जीवन की आवश्यकता है और साथ ही यह समय के साथ अधिक मूल्यवान हो रहा है और अगर हम इसे बचाने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं भविष्य में सोने की तुलना में पानी अधिक मूल्यवान होगा। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि पानी को बचाएं और जल प्रदूषण को रोकने के लिए हम जो भी कर सकते हैं वह हमें अधिक से अधिक प्रयासों के साथ करना चाहिए।

## दिल्ली में केदारनाथ मंदिर के प्रतीकात्मक मंदिर निर्माण का तीर्थपुरोहितों ने किया विरोध

**देहरादून/केदारनाथ (संवाददाता)।** दिल्ली में केदारनाथ मंदिर के प्रतीकात्मक मंदिर निर्माण को लेकर तीर्थपुरोहितों, हक-हकूकधारी, साधु-संतों और जनप्रतिनिधियों में आक्रोश बना हुआ है। रविवार को ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने धरना प्रदर्शन किया। वहीं, केदारनाथ धाम में भी तीर्थ पुरोहितों ने नारेबाजी की। इससे पहले शनिवार को भी तीर्थपुरोहितों ने केदारनाथ में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की थी। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी सहित अन्य विद्वानजनों ने भी इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। पूर्व विधायक व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने भी निर्माण का विरोध किया। मंदिर परिसर में प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी के साथ कहा कि दिल्ली में जिस किसी के द्वारा भी केदारनाथ मंदिर का प्रतीकात्मक निर्माण किया जा रहा है, वह सनातन धर्म का सीधा विरोध है। कहा कि सदियों से बाबा केदार के दर्शनों के लिए देश-विदेश के श्रद्धालु हिमालय क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य ने केरल से केदारनाथ पहुंचकर यहां निर्मित पांडवकालीन मंदिर का पुनरोद्धार कर पूजा-पद्धती की व्यवस्था तय की थी, जिसका आज भी प्राचीन परंपरा के साथ निर्वहन हो रहा है। तीर्थपुरोहित विनोद शुक्ला, उमेश पोस्ती, किशन बगवाड़ी, अंकुर शुक्ला, नवीन शुक्ला, पंकज शुक्ला का कहना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली पहुंचकर केदारनाथ मंदिर के प्रतीकात्मक मंदिर निर्माण के शिलान्यास में भाग लिया है, जो पूरी तरह से अनुचित है। उन्हें इस निर्माण का विरोध करना चाहिए था, लेकिन मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार भी नहीं चाहती है कि केदारनाथ धाम में श्रद्धालु पहुंचे। तीर्थपुरोहितों ने कहा कि जब तक दिल्ली में मंदिर का निर्माण कार्य बंद नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। केदारनाथ धाम के मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने कहा कि सनातन धर्म की परंपराओं का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। केदारनाथ मंदिर भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक है। ऐसे में इस दिव्य धाम का प्रतीकात्मक निर्माण संभव नहीं है। कहा कि जो लोग इस तरह का कृत्य कर रहे हैं, बाबा केदार उनकी बुद्धि को ठीक करें। धाम में प्रदर्शन व नारेबाजी करने वालों में कई यात्री भी शामिल थे। केदारनाथ विधानसभा की पूर्व विधायक व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का कहना है कि केदारनाथ मंदिर धाम दिल्ली ट्रस्ट द्वारा कराए जा रहे मंदिर निर्माण पर शीघ्र प्रतिबंध लगना चाहिए। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम करोड़ों हिंदुओं की आस्था का प्रतीक है। बाबा केदार की यात्रा से प्रतिवर्ष केदारघाटी सहित देवभूमि उत्तराखंड के अन्य स्थानों के हजारों परिवारों की आजीविका को भी बल मिलता है। कहा कि केदारनाथ मंदिर का प्रतीकात्मक निर्माण किसी भी स्थिति में मंजूर नहीं है। यह सीधे-सीधे करोड़ों शिव भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ है।

# विधानसभा उपचुनाव में नही चल पाया मोदी का जादू!

## कांग्रेस और टीएमसी ने दिखाया अपना जलवा

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

हाल ही में लोकसभा की पांचों सीटे जीतने वाली भाजपा उत्तराखंड के विधानसभा उपचुनाव में दोनो सीटे हार गई है।यह हार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की है या फिर उपचुनाव के दौरान मंगलौर में बाहरी तत्वों की घुसपैठ कराकर हिंसा के जरिए चुनाव जीतने को कोशिश की हार है,जिसे वोटरों ने पूरी तरह से नकारा है।वास्तव में उत्तराखंड के दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम राजनीति में बदलाव के बड़े संकेत दे रहे हैं। मंगलौर विधानसभा सीट बहुजन समाज पार्टी विधायक हाजी सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद खाली हुई थी। वहीं, बद्रीनाथ विधानसभा सीट के पूर्व कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी ने लोकसभा चुनाव के दौरान पाला बदला था और वे भाजपा के साथ चले गए थे। इस कारण ये दोनों सीट खाली हुई थी। दोनों सीटों पर 10 जुलाई को मतदान हुआ था। विधानसभा उपचुनाव के परिणाम में दोनों सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। सन 2017 और सन 2022 के विधानसभा चुनाव में लगभग दो-तिहाई से अधिक सीट जीतने वाली भाजपा को इस उपचुनाव में बड़ा झटका लगा है। सन 2014 के बाद से प्रदेश में यह पहला मौका है, जब कांग्रेस पार्टी को किसी भी चुनाव में भाजपा से अधिक सीटें आई हैं। या फिर कहें कि उन्होंने भाजपा को कोई भी सीट जीतने नहीं दी है।बद्रीनाथ सीट पर भाजपा ने कांग्रेस उम्मीदवार को तोड़कर कमल खिलाने की योजना तैयार की थी। उसमें पार्टी सफल नहीं रही। ऐसे में दूसरे दलों के विधायक तोड़कर कमल खिलाने की मुहिम वाली रणनीति पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। वहीं, बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माने जाने वाले मंगलौर विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस ने अपना कब्जा जमा लिया है। बद्रीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर अल्पसंख्यक और दलित आबादी बड़ी संख्या में है। इस कारण यहां पर भाजपा को जीत दर्ज करने में कठिनाई होती रही है।

सन 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बद्रीनाथ सीट पर कब्जा किया था।मंगलौर और बद्रीनाथ सीट 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। मंगलौर विधानसभा सीट पर बसपा उम्मीदवार सरवत करीम अंसारी ने लगभग साढ़े चार सौ वोटो से कब्जा जमाया था। वहीं, बद्रीनाथ सीट कांग्रेस के पाले में गई थी। विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत ने यह साफ किया है कि दलित और मुस्लिम वर्ग का वोट अब बहुजन समाज पार्टी की तरफ जाने की जगह कांग्रेस की तरफ खिसक रहा है। कांग्रेस एक बार फिर दलितों के बीच पैर जमा रही है।उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किए जाने के बाद से पुष्कर सिंह धामी एक बड़े नेता के तौर पर सामने आने की कोशिश कर ही रहे थे कि उन्हें उपचुनाव की हार ने झटका दे दिया। भाजपा प्रदेश की एक भी सीट जीतने में कामयाब नहीं रही। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण विपक्ष की तगड़ी रणनीति को माना जा रहा है।विपक्ष ने चुनाव के दौरान राहुल गांधी की ओर से उठाए जाने वाले मसलों को जोरदार तरीकों से जनता के बीच रखा। राहुल गांधी ने जिस प्रकार से युवाओं के बेरोजगारी के मुद्दे को उठाया है, उससे प्रदेश का युवा वर्ग को जोड़ने की कोशिश की गई। वहीं, उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार से अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने मिलकर पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए पॉलिटिक्स को अपनाया। वह उत्तराखंड की जमीन पर भी काम करता दिख रहा है। इसकी काट सीएम पुष्कर सिंह धामी नहीं तलाश पाए। उपचुनाव में हिमाचल प्रदेश की देहरा सीट से राज्य के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी और कांग्रेस की उम्मीदवार कमलेश ठाकुर की जीत हुई है।कमलेश ने बीजेपी के होशियार सिंह को 32 हज़ार से ज्यादा वोट से हरा दिया है। लेकिन सुक्खू को उन्हें गृह ज़िले में हमीरपुर बीजेपी ने झटका दिया है। इस सीट पर बीजेपी के आशीष कुमार शर्मा क़रीब 1500 वोट से चुनाव जीत गए हैं।हिमाचल की नालागढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने बीजेपी के केएल ठाकुर से जीत हासिल की हैं। सन 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में हिमाचल की इन तीनों सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों को जीत मिली थी।उनके इस्तीफ़े के बाद ये सीटें खाली हुई थीं।

इस साल फ़रवरी महीने में इन तीनों ही विधायकों ने राज्यसभा चुनावों में बीजेपी के पक्ष में मतदान किया था। इस बार तीनों ही उम्मीदवारों ने बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था।पश्चिम बंगाल में चार सीटों के लिए हुए उपचुनाव में टीएमसी को पहली जीत रायगंज सीट पर मिली।

यहाँ कृष्ण कल्याणी ने बीजेपी के मानस कुमार घोष को 50 हज़ार से ज़्यादा वोटों से हरा दिया है।पश्चिम बंगाल में विधानसभा की चार सीटों के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा को करारा झटका लगा है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कोलकाता की मानिकतला सीट के अलावा उत्तर दिनाजपुर की रायगंज, पुरुलिया ज़िले की बागदा और नादिया ज़िले की रानाघाट दक्षिण सीट भी जीत ली है।इनमें से मानिकतला के अलावा बाक़ी तीन सीटें उसने भाजपा से छीनी हैं। भाजपा ने सन 2021 के विधानसभा चुनाव में यह सीटें जीती थी।

कोलकाता की मानिकतला सीट पर टीएमसी ने पूर्व मंत्री साधन पांडे की पत्नी सुप्ती पांडे को उम्मीदवार बनाया था।साधन पांडे के निधन के कारण यहां उपचुनाव कराए गए ।उन्होंने इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कल्याण चौबे को करीब 62 हजार से ज्यादा वोटों से पराजित कर दिया है।रायगंज सीट पर टीएमसी उम्मीदवार कृष्ण कल्याणी ने भाजपा के मानस कुमार घोष को 50 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजित कर दिया है। हाल के लोकसभा चुनाव के दौरान टीएमसी इस विधानसभा क्षेत्र में करीब 47 हजार वोटों से पीछे थी।कृष्ण कल्याणी ने वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर क़रीब 21 हजार वोटों के अंतर से यह सीट जीती थी। वो लोकसभा चुनाव से पहले इस्तीफ़ा देकर टीएमसी में शामिल हो गए थे और रायगंज संसदीय सीट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन तब वो चुनाव हार गए थे।

भाजपा को मतुआ बहुल बागदा सीट के अलावा नादिया ज़िले की रानाघाट दक्षिण सीट पर भी हार का सामना करना पड़ा है। बागदा में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार मधुपर्णा ठाकुर 33 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से जीती है। जबकि रानाघाट दक्षिण में टीएमसी उम्मीदवार मुकुटमणि अधिकारी भी 39 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत गए। उन्होंने भाजपा के मनोज कुमार विश्वास को हराया। तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा कि संदेशखाली समेत तमाम मुद्दों और आरोपों के बावजूद लोगों ने तृणमूल कांग्रेस पर ही भरोसा जताया है।वाममोर्चा के दौर या भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले बंगाल के लोग बेहतर स्थिति में रह रहे हैं।भाजपा पर उनका भरोसा नहीं है। बगदा सीट पर इस बार तृणमूल कांग्रेस की मधुपर्णा ठाकुर ने बीजेपी के बिनय कुमार बिस्वास को 33 हज़ार से ज़्यादा वोटों से हरा दिया है।

वहीं पंजाब की जालंधर पश्चिम की सीट पर आम आदमी पार्टी के मोहिंदर भगत ने बीजेपी के शीतल अंगुरल को 37 हज़ार से ज़्यादा वोटों से हरा दिया है।कांग्रेस पार्टी की सुरिंदर कौर इस सीट पर तीसरे नंबर पर रही हैं। शीतल अंगुरल ने सन 2022 में हुए राज्य विधानसभा चुनावों में आप के टिकट पर चुनाव जीता था, लेकिन मार्च महीने में लोकसभा चुनावों के पहले वो बीजेपी में शामिल हो गए थे। उनके पार्टी छोड़ने के बाद यह सीट खाली हुई थी।

वहीं साल 2023 में मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतने वाले कमलेश शाह के बीजेपी में शामिल होने से यह सीट खाली हुई थी।

बिहार की रूपौली सीट की बात करें तो यह सीट जेडीयू विधायक बीमा भारती के आरजेडी में शामिल होने के बाद खाली हुई थी।बीमा भारती को आरजेडी ने लोकसभा चुनावों में मैदान में उतारा था, लेकिन वो चुनाव हार गई थीं।बीमा भारती इस बार बीमा भारती आरजेडी की टिकट पर रूपौली से चुनाव लड़ी थीं। इस सीट पर निर्दलीय शंकर सिंह ने जीत हासिल की है।

तमिलनाडु की एकमात्र सीट पर डीएमके के अन्नीयुर सिवा पीएम उम्मीदवार से क़रीब 50 हज़ार वोट से अधिक वोटों से जीत गए है।

# कांग्रेस पर आरोप लगाकर कम नहीं हो जाते भाजपा के पाप : गरिमा दसौनी




**देहरादून ( संवाददाता )।** 2015 में मुंबई में बद्रीनाथ मंदिर बनाए जाने को लेकर कांग्रेस पर लगाए भारतीय जनता पार्टी के आरोप भाजपा को ही कटघरे में खड़ा करते है, यह कहना है कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का। दसौनी ने कहा कि सर्वप्रथम तो मुंबई में बद्रीनाथ धाम का नहीं किसी मंदिर का नाम बद्रीनाथ रख दिया गया, किसी ने विरोध नहीं किया क्योंकि कांग्रेस के नेताओं के द्वारा उस वक्त यह नहीं कहा गया कि जो बद्रीनाथ नहीं जा सकता वह यही मुंबई में ही बद्रीनाथ बाबा के दर्शन कर ले ,जबकि केदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक मंदिर के शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री धामी द्वारा स्वयं यह बात कही गई कि जो बाबा केदार नहीं पहुंच पाएगा वह उनके दर्शन बौराडी,दिल्ली में ही कर सकता है और तो और मुख्यमंत्री धामी ने शिलान्यास करते वक्त यह तक कह दिया कि उत्तराखंड में तो बाबा केदार के दर्शन कुछ ही महीने होते हैं दिल्ली में तो बारह महीने केदारनाथ धाम के दर्शन हो सकेंगे।यदि 2015 में मुंबई में बद्रीनाथ मंदिर का शिलान्यास किया गया तो फिर तो भारतीय जनता पार्टी से और भी बड़ा पाप हो गया उसने अपनी विपक्ष की जिम्मेदारी को सजगता और गंभीरता से नहीं निभाया । दसौनी ने कहा कि विपक्ष का काम ही होता है सरकार को सही दिशा देना उसके द्वारा किए जा रहे कार्यों पर उसको चेताना परंतु तब भाजपा ने अपना विपक्ष धर्म ठीक से नहीं निभाया और मूकदर्शक बनी रही। दसौनी ने कहा कि जो कांग्रेस ने किया उसे दोहराकर भारतीय जनता पार्टी क्या साबित करना चाहती है? भाजपा तो स्वयं को पार्टी विद द डिफरेंस कहती है। दसौनी ने कहा कि आज चौतरफा धामी सरकार की निंदा हो रही है। एक तरफ जहां तीर्थ पुरोहितों ने धामी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है ,वही शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद जी महाराज ने भी इसका विरोध किया है। दसौनी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के इस कृत्य से उत्तराखंड के तीर्थाटन को व्यापक स्तर पर ठेस पहुंची है नुकसान हुआ है और उनके इस कदम से प्रदेश के 15 से 20 लाख लोगों की आजीविका पर चोट पहुंची है। गरिमा ने कहा कि देश-विदेश से श्रद्धालु अत्यंत कष्ट झेल कर इन चार धामों की यात्रा करने आते हैं भाजपा सरकार के इस कृत्य से हमारे धर्मों का आध्यात्मिक महत्व को कम करने का कुत्सित प्रयास अक्षम्य है, सनातनियों की भावना को ठेस पहुंची है। दसौनी ने कहा कि हमारे धामों का अपना एक पौराणिक और धार्मिक महत्व है। धामों के साथ छेड़छाड़ करने की अनुमति और अधिकार किसी को नहीं है,चाहे सरकार किसी की भी हो। दसौनी ने कहा कि गौरतलब यह भी है की निंदा धामी सरकार की हो रही है और सुई बीकेटीसी को चुभ रही है। आज अचानक बीकेटीसी सरकार के बचाव में तैनात दिख रही है, काश इतनी ही सतर्कता बीकेटीसी ने केदारनाथ धाम के सोना पीतल होते समय दिखाई होती।गरिमा ने कहा कि यह चारों धाम समूचे उत्तराखंड के हैं पूरे देश के हैं इनका अपना एक गौरवशाली इतिहास है इसलिए अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के लिए उनका दोहन सहन नहीं होगा।

## विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने के बजाय तत्कालीन सीएम से क्यों नहीं पूछते कांग्रेसी : चौहान



**देहरादून ( संवाददाता )।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चैहान ने कहा कि भाजपा का रुख हमेशा ही मन्दिर के मामले मे सकारात्मक रहा है और उसने इसी कारण मुंबई मे बद्रीनाथ मन्दिर का तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत के द्वारा शिलान्यास करते वक्त विरोध नही किया। कांग्रेस को अपनी मानसिकता को बदलने की जरूरत है। कांग्रेस के द्वारा बद्रीनाथ के मन्दिर का भी विरोध जायज ठहराने और तत्कालीन विपक्ष को कटघरे मे खड़ा करने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए चैहान ने कहा कि कांग्रेस को तब सनातन संस्कृति की याद नही आई, लेकिन आज उसकी चेतना जागी है तो वह तत्कालीन सीएम से इस पर सफाई मांग सकती है। उन्होंने कहा कि आज विरोध कर रहे शंकराचार्य को भी तब याद नही आयी उन्हे भी अपनी भूल पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

चैहान ने कहा कि प्रतीकात्मक मन्दिर पर भाजपा की मंशा स्पष्ट है और उसका न बद्रीनाथ मन्दिर और न ही केदारनाथ को लेकर कोई एतराज है। दिल्ली मे बन रहे केदारनाथ मन्दिर एक ट्रस्ट का है और उसका उत्तराखंड सरकार या केदारनाथ मन्दिर समिति से कोई लेना देना नही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वहां एक अतिथि के रूप मे गए थे। जबकि कांग्रेस उक्त मन्दिर को केदारनाथ की शाखा होने का दुष्प्रचार करती रही। चैहान ने कहा कि आज खुद को सनातन के प्रहरी के रूप मे प्रदर्शित करने वाली कांग्रेस के तुष्टिकरण के इतिहास से देश की जनता वाकिफ है। राज्य के चार धाम की तस्वीर बदलने से लेकर आदि कैलाश और कैंची धाम तक जो भी विकास की तस्वीर उभरी है वह पीएम मोदी के उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव और सीएम पुष्कर धामी के नेतृत्व मे संभव हुआ। हमेशा ही सनातनियों के तीर्थो और आराध्य राम के अस्तित्व पर तुष्टिकरण के लिए सवाल उठाने वाली कांग्रेस का अचानक धार्मिक चोला ओढ़ना आश्चर्यजनक नही बल्कि सरासर आडंबर है। कांग्रेस यह सब रसातल मे जाने से बचने के लिए कर रही है, लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति करते वह सनातन विरोधी हो गयी और अब दुविधा की स्थिति मे उसे कुछ नही सूझ रहा। जनता सर्वोपरि है और उसे फिर कड़ा सबक सिखायेगी।

## वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि में किया गया पौधारोपण

देहरादून(संवाददाता)। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसके तहत कुलपति डा. ओंकार सिंह सहित कर्मचारियों व शिक्षकों ने ७० पौधे लगाए। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल की सराहना की और कहा कि ये प्रकृति के संरक्षण के लिए बेहद कारगर साबित होगा। कहा कि इस अभियान के सफल होने से धरती पर ऑक्सीजन की मात्रा में बढ़ोत्तरी, धरती के तापमान को नियंत्रित करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण को नियंत्रित करने में अहम होगा। पौधारोपण में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनय कुमार पटेल, परिसर निदेशक महिला प्रौद्योगिकी संस्थान डॉ० मनोज कुमार पाण्डा, डॉ. विशाल रामोला सहित विश्वविद्यालय शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे।

## अशासकीय विद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराया

नई टिहरी। अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर शुक्रवार को सीईओ और डीईओ माध्यमिक से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अशासकीय विद्यालय बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। नरेंद्रनगर में संघ के प्रांतीय महामंत्री महादेव मैठाणी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ बताया कि शिक्षक-कर्मचारियों के प्रोन्नत व चयन वेतनमान, एसीपी की स्वीकृति प्रदान करने, बोर्ड परीक्षा के लंबित भुगतान, ग्रीष्मावकाश के दौरान चुनाव मतगणना में ड्यूटी करने वाले कार्मिकों को प्रतिकर अवकाश, जूनियर हाईस्कूलों की एनपीएस की धनराशि प्रत्येक माह समय पर खातों में जमा करने और डीईओ बेसिक नई टिहरी के नाम से उक्त खाता खोलने की मांगों पर जल्द कार्रवाई की जाए। जिस पर सीईओ एसपी सेमवाल ने जिला स्तर की समस्याएं जल्द हल की जाएगी, लेकिन निदेशालय स्तर की समस्याएं उच्चाधिकारियों के स्तर पर निस्तारित हो पाएंगी।

## वनाग्नि को लेकर गीत रिलीज

नई टिहरी। लोकगायिका बीना बोरा का उत्तराखंड में लगातार बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं को लेकर जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नया गीत बणू मा आग न लगावा-हिमालय बचावा रिलीज किया गया है। बताया कि पीजी कॉलेज नई टिहरी की प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी की प्रेरणा से उन्होंने यह गीत गाया है। प्राचार्य प्रो. नेगी ने गीत का पोस्टर लांच करते हुए इस यू-ट्यूब पर रिलीज कराया। बोरा ने कहा कि प्रसिद्ध संगीतकार संजय कुमोला ने इस गीत में संगीत दिया है। कहा कि जिस तरह उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ रही हैं। वह चिंता का विषय है।

# भेल में आयोजित पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिद्वार, संवाददाता। केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो राजभाषा विभाग नई दिल्ली के सौजन्य से बीएचईएल में आयोजित अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। 8 जुलाई से 12 जुलाई तक मानव संसाधन विकास केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 31 कर्मचारियों ने भाग लिया तथा अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद के गुर सीखे। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रबंधक (एमएम, पीपीएक्स-बीओआई) संजीव कुमार गुप्ता ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने सभी को, सरकारी कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही उन्होंने कार्यस्थलों पर प्रयोग में आने वाले तकनीकी कार्य अनुदेशों आदि का हिंदी में अनुवाद करने पर भी जोर दिया। केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो से संकाय के रूप में आई सहायक निदेशक लेखा सरीन एवं कुसुम शर्मा झा ने प्रशिक्षण के दौरान राजभाषा नीति, कार्यालयी अनुवाद, अनुवाद की प्रक्रिया, सूचना प्रौद्योगिकी और अनुवाद संबंधित तकनीकों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। 8 जुलाई को उद्घाटन सत्र में एचआरडीसी प्रमुख गुंजन शुक्ला तथा अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन पार्थ सारथी गौड़ा ने भाग लिया एवं अपने विचार रखे। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक राजभाषा हरीश सिंह बगवार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन शशी सिंह उप प्रबंधक राजभाषा ने किया। इस अवसर पर राजभाषा विभाग एवं एचआरडीसी के सदस्य उपस्थित रहे।

## यूपी से लंबित परिसंपत्ति प्रकरणों के जल्द निस्तारण के निर्देश

देहरादून,संवाददाता। पुनर्गठन मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने यूपी के साथ लंबित परिसंपत्ति प्रकरणों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। विधानसभा में हुई समीक्षा बैठक में पुनर्गठन मंत्री ने कहा कि लम्बित परिसंपत्तियों के बंटवारे को ऊर्जा विभाग, सिंचाई विभाग और वन विभाग के साथ आगामी कुछ दिनों में संयुक्त बैठक ली जाएगी। जरूरत पड़ने पर उत्तर प्रदेश सरकार के संबंधित विभागों से भी इन प्रकरणों पर चर्चा कर जरूरी कार्यवाही की जायेगी। कहा कि उत्तर प्रदेश से अलग होने के बाद, अभी भी कुछ संपत्तियों का बंटवारा होना शेष है। अधिकतर प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है। शेष प्रकरण भी जल्द निस्तारित किए जाएंगे।

हरिद्वार में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की ६९७ हेक्टेयर भूमि का उपयोग कुम्भ मेला और अन्य आयोजन को उपयोग किए जाने पर सहमति बनी है। हरिद्वार और यूएसनगर की कुल २४ नहरों का हस्तांतरण उत्तराखंड सरकार को किया गया है। हरिद्वार स्थित गंग नहर में स्पोर्ट्स गतिविधि पर भी उत्तर प्रदेश के साथ सहमति बनी है। बैठक में पुनर्गठन सचिव नीरज खैरवाल, संयुक्त सचिव देवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति और दूरगामी विजन से निकट भविष्य में अच्छे आयेंग परिणाम



**नईदिल्ली ।** वरिष्ठ पत्रकार पदम मेहता ने अपने दिल्ली प्रवास में केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मन्त्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से भेंट कर संसद के प्रस्तावित बजट सत्र में राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने का पुन: अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि एक बार फिर संयोग से संसद के दोनों सदनों राज्य सभा और लोकसभा के सभापति राजस्थान के हैं और कानून मन्त्री सहित प्रधान मन्त्री नरेन्द्र मोदी की मन्त्रिपरिषद में राजस्थान का अच्छा खासा प्रतिनिधित्व है, ऐसे में इस सुनहरे अवसर से मान्यता के लिए पुरजोर प्रयास किया जाता है तो प्रस्तावित बजट सत्र में राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का विधेयक आसानी से पारित हो सकता है। श्री मेहता ने उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी से भी भेंट की । दोनों से भेंट के दौरान जलते दीप एवं माणक के दिल्ली ब्यूरो प्रमुख गोपेंद्र नाथ भट्ट भी उनके साथ रहे। केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत को राजस्थानी भाषा की मान्यता के संबंध में विस्तृत जानकारी युक्त ज्ञापन देते हुए मेहता ने उनसे कहा कि राजस्थान विधानसभा 21 वर्ष पूर्व सर्वसम्मति से इस हेतु संकल्प पारित कर केंद्र सरकार को भेज चुकी है। समय-समय पर राजस्थान के मुख्यमंत्रियों एवं सांसदों ने भी इस संबंध में आवाज उठाई है । साथ ही उन्हें यह भी बताया कि यह समृद्ध भाषा मान्यता की अन्य सभी शर्तें भी पूरी करती है। देश विदेश में राजस्थानी भाषा को विभिन्न अकादमियों और शैक्षणिक संस्थाओं ने भी मान्यता दे रखी है। प्रदेश ही नहीं देश की अकादमिक परीक्षाओं में भी इसे शामिल किया हुआ है। राजस्थानी भाषा बोलने वाले दस करोड़ लोग भारत के विभिन्न हिस्सों और विश्व के हर देश में मौजूद हैं मेहता ने राजस्थानी भाषा को मान्यता दिये जाने के लिए आजादी के बाद से की जा रही मांग का भी जिक्र किया और बताया कि आज केन्द्र सरकार और अन्य उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोग भी शुरू से ही राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में सम्मिलित किए जाने के पक्षधर रहे हैं। यहां तक कि अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस दलवीर भण्डारी, भारत के सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस आर एम लोढ़ा, जोधपुर के पूर्व नरेश गज सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे के अलावा पूर्व उपराष्ट्रपति दिवंगत भैरोंसिंह जी शेखावत व पूर्व केन्द्रीय मन्त्री जसवन्त सिंह जी जसोल ने भी राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता देने का पुरजोर समर्थन किया था। वर्तमान मोदी सरकार के वक्त राजस्थानी, भोजपुरी और भोती भाषा को संविधान की आठवीं सूची में सम्मिलित किए जाने का केबिनेट मेमो भी बना लिया गया था लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चले जाने से राजस्थानी भाषा को आज दिन तक संवैधानिक मान्यता नहीं मिली है।

पर्यटन विकास और संस्कृति संरक्षण से जुड़े विषयों पर भी चर्चा करते हुए पदम मेहता ने शेखावत से कहा कि राजस्थान की संस्कृति पूरी दुनिया में बेजोड़ है। पर्यटन के लिहाज़ से भी राजस्थान देशी विदेशी सैलानियों की पहली पसन्द हैं। विशेष कर प्रवासी रजस्थानियों को इस बाबत अधिक से अधिक जोडक़र हेरिटेज और आध्यात्मिक पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाओं का लाभ उठाया जा सकता है। %माणक% के माध्यम से गत 44 वर्षों से किए जा रहे प्रयासों से भी वे स्वयं अच्छी तरह परिचित हैं । कई अनछुए स्थानों को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाया जा सकता है। पर्यटन से न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश की आर्थिक प्रगति और बहबूदी के अपरिमित रास्ते खुल सकते हैं। मेहता ने उम्मीद जाहिर की कि सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति और दूरगामी विजन से निकट भविष्य में अच्छे परिणाम सामने आयेंगे ।चर्चा में मेहता द्वारा उठाये गये मुद्दों और सुझावों पर श्री शेखावत ने गंभीरता से कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। मेहता ने राज्य सभा सांसद और जोधपुर के जूंझारू भाजपा नेता राजेन्द्र गहलोत से भी मुलाक़ात की और उनसे भी राजस्थानी भाषा को इस बजट सत्र में मान्यता दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास के साथ प्रभावी भूमिका निभाने काअनुरोध किया। साथ ही जोधपुर के सर्वांगीण विकास के विषयों पर चर्चा की मेहता ने पर्यटन मंत्रालय में भारत सरकार की पर्यटन महानिदेशक मनीषा सक्सेना से भी भेंट कर राजस्थान के पर्यटन विकास खासकर प्रवासी राजस्थानियों के पूरे देश और विदेशों में पर्यटन के लिए योगदान निभाने बाबत विशेष चर्चा की ।बाद में उन्होंने नई दिल्ली के शास्त्री भवन में स्थित भारत सरकार के पीआईबी के नवनियुक्त प्रिंसिपल महानिदेशक धीरेन्द्र ओझा से भी भेंट कर उन्हें मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि मेहता भारत सरकार की केन्द्रीय पत्रकार अधिस्वीकरण समिति के सदस्य भी हैं।

## मुंबई-गोवा नेशनल हाईवे आज से तीन दिन तक रहेगा बंद, वैकल्पिक मार्ग तय

रायगढ़ । मुंबई-गोवा नेशनल हाईवे पर पुल का निर्माण कार्य जोरों पर है। इसके चलते मुंबई-गोवा नेशनल हाईवे को 11 जुलाई से 13 जुलाई तक बंद रखने का फैसला किया गया है। बताया जा रहा है कि कोलाड के पास पुई मैसदारा में पुल के गर्डरों को स्थापित करने का काम चल रहा है, जिसके चलते नेशनल हाईवे बंद रहेगा। जानकारी के अनुसार, मुंबई-गोवा नेशनल हाईवे को 11 जुलाई से 13 जुलाई के बीच सुबह 6 बजे से 8 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रखा जाएगा। इसके साथ ही वाहनों के मार्ग के लिए मुंबई-गोवा के बीच अलग रूटों को तय किया गया है। यात्रियों को मुंबई से गोवा जाने के लिए पहला मार्ग वाकन फाटा, भिसे खिंड, रोहा कोलाड के बीच तय किया गया है। वहीं, मुंबई से गोवा जाने के लिए दूसरा वैकल्पिक मार्ग वाकन फाटा, पाली, रवालजे निजामपुर माणगांव है।

इसके अलावा यात्री खोपोली पाली वाकन राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 548ए से आते हैं तो वह पाली से मुंबई-गोवा राजमार्ग तक पहुंच सकते हैं। अगर कोई यात्री गोवा से मुंबई आ रहा है तो उसे कोलाड, रोहा, भिसे पास वाकन फाटा या नागोठाणे से मुंबई गोवा राजमार्ग से होकर गुजरना होगा।

## बाराबंकी में नाव से शादी करने बारात लेकर पहुंचा दूल्हा, देखने के लिए उमड़ी भीड़

बाराबंकी । देश के अलग-अलग हिस्सों में इस समय भारी बारिश हो रही है। जिसके चलते नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। इस कारण तलहटी में बसे गांवों में पानी भर गया है। ऐसे में शादी करने दूल्हा बारात लेकर गाजे बाजे के साथ नाव से पहुंचा। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

नाव से शादी करने पहुंचा दूल्हा चर्चा का विषय बन गया। दरअसल, सरयू नदी का जलस्तर बढने से तलहटी में बसे गांवों में पानी भर गया है। तटबंध के अंदर बने मकानों में पानी घुस गया है। यहां के लोगों ने पलायन कर ऊंचे स्थानों पर शरण ली है। किसानों की सैकड़ों एकड़ फसलें भी जलमग्न हो गई हैं। बाढ़ आने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में किसी के घर में शादी है तो किसी के घर में कोई दूसरा आयोजन है। लेकिन बाढ़ के चलते लोग तरह तरह के जतन कर रहे हैं। अनोखी शादी का यह मामला बाराबंकी जिले के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र का है। नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इसी बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की ग्राम पंचायत बछ्लेपुर द्वितीय में माधव पुरवा के रहने वाले राम आसरे की बेटी की शादी होनी थी। सूरतगंज ब्लॉक के सैलक गांव से राघवराम की बारात आनी थी। लेकिन गांव को जाने के लिए रास्ता नहीं था।

सडक़ मार्ग न होने पर दूल्हा राघवराम दुल्हनिया लेने के लिए डीजे, बाजा और बराती लेकर नाव से निकल पड़ा। वह नाव से बारात लेकर शादी करने के लिए लडक़ी के गांव पहुंच गया। नाव सवार दूल्हे को देखने के लिए गांव के लोगों की भीड़ जुट गई। क्षेत्र में नाव सवार बारातियों की खूब चर्चा हो रही है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान 106.70 से 47 सेंटीमीटर ऊपर है। हालांकि, मंगलवार रात से जलस्तर घट रहा है। नेपाल के गिरजा व शारदा बैराज से मंगलवार को चार लाख तीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। जिससे सरयू नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया। इससे नदी के किनारे बसे गांव में पानी भर गया है। लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर अपना ठिकाना बनाया है।

## यूपी में डिजिटल अटेंडेंस पर आज से सख्ती शुरू, तीन दिन हाजिरी न दर्ज कराने पर रुकेगा वेतन

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में डिजिटल अटेंडेंस पर गुरुवार से सख्ती शुरू हो गई है। तीन दिन ऑनलाइन अटेंडेंस न दर्ज कराने वालों का वेतन रोक दिया जाएगा। डिजिटल अटेंडेंस दर्ज न करने पर विभागीय आदेश की अवहेलना माना जाएगा। ऐसे में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्नाव बीएसए ने आदेश दिए हैं कि तीन दिन तक डिजिटल अटेंडेंस दर्ज न कराने पर विभागीय निर्देश की अवहेलना माना जाएगा। ऐसे में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अगले आदेश तक ऐसे शिक्षकों का मानदेय और वेतन रोका जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बाराबंकी-उन्नाव में डिजिटल अटेंडेंस न लगाने पर शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश दिया गया है। बता दें कि राज्य सरकार ने 11 जुलाई (गुरुवार) से अनिवार्य रूप से शिक्षकों को डिजिटल अटेंडेंस दर्ज कराने का आदेश दिया है। सरकार के इस आदेश के खिलाफ शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया। इसके विरोध में शिक्षकों के तमाम संगठन खड़े हो गए हैं। शिक्षकों ने सरकार के आदेश को अव्यावहारिक बताया है। सरकार के इस आदेश के विरोध में यूपी के कई जिलों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इसके साथ ही कई शिक्षक संगठनों से जुड़े अध्यापकों ने जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है। जानकारी के अनुसार, नये आदेश के लागू होने के पहले दिन (आठ जुलाई) केवल दो प्रतिशत शिक्षकों ने ही डिजिटल अटेंडेंस लगाई थी। उन्नाव-बाराबंकी के बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने ऐसे शिक्षकों का वेतन या मानदेय रोकने की सिफारिश की है। लेकिन लखनऊ के बीएसए ने उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा है। ऐसे में शिक्षकों के विरोध को देखते हुए कल (शुक्रवार को) सभी खंड शिक्षा अधिकारी और शिक्षा समन्वयक की मीटिंग बुलाई गई है। मीटिंग के बाद विभाग आगे की स्थिति पर निर्णय लेगा। राज्य सरकार के इस कदम से शिक्षा व्यवस्था में सुधार की संभावना है। शिक्षकों और कर्मचारियों को आदेश दिए गए हैं कि वे रोजाना अपनी डिजिटल अटेंडेंस दर्ज करें और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें। सरकार की इस सख्ती से शिक्षा क्षेत्र में अनुशासन और कार्यप्रणाली में सुधार की दिशा में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

## शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला, ऑटो, आईटी और पीएसयू शेयरों में तेजी

मुंबई , । भारतीय शेयर बाजार की गुरुवार को शुरुआत तेजी के साथ हुई। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी जा रही है। सुबह 9ः21 पर सेंसेक्स 134 अंक यानि 0.17 प्रतिशत बढक़र 80,058 और निफ्टी 38 अंक यानि 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,361 पर था। एनएसई पर 1608 शेयर हरे निशान में और 434 शेयर लाल निशान में बने हुए हैं। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, मेटल, मीडिया, एनर्जी और पीएसई इंडेक्स हरे निशान में हैं। फिन सर्विस, फार्मा और मेटल इंडेक्स में लाल निशान में कारोबार हो रहा है ।मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी का ट्रेंड बना हुआ है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 185 अंक यानि 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,106 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 35 अंक (0.19 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 18,824 पर बना हुआ है। सेंसेक्स पैक में टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, एसबीआई, टाइटन, मारुति सुजुकी, एलएंडटी, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल टॉप गेनर्स हैं। वहीं, सन फार्मा, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले और एचयूएल टॉप लूजर्स हैं।

# जर्जर विद्युत पोलों को बदलने के स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दिए निर्देश

कोटद्वार (संवाददाता)। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने विद्युत विभाग को बिजली के जर्जर खंभों की स्थिति से अवगत कराकर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। ऋतु खण्डूडी भूषण ने बताया कि भाबर के कई क्षेत्रों में बिजली की हाई टेंशन हाई.टी. लाइनों के पोलों की स्थिति जर्जर अवस्था में है जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है।

उन्होंने बताया भाबर में किशनपुर, कण्वघाटी, सिगड्डी में ऐसे कई पोल है जो कभी भी धारशायी हो सकते हैं। क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई है लेकिन इस पर कार्य नहीं हुआ। विधानसभा अध्यक्ष से विद्युत विभाग कोटद्वार को तत्काल कार्रवाई करने के लिए निर्देश किया। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने बांयी खोह नदी पर मरम्मत कार्य समय सीमा पर न होने से अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग दुगड्डा को पत्र लिखकर अपनी नाराजगी व्यक्त करी। नहर की मरम्मत का कार्य न होने के कारण लालपानी और सनेह क्षेत्र के लोगों को धान की रोपाई करने में पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और किसान ट्यूबवेल और बारिश के पानी से ही धान की रोपाई कर पा रहे हैं।



विधानसभा अध्यक्ष ने सिंचाई विभाग को नहर से मलबा हटाने और क्षतिग्रस्त हो गई नहर का मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

# मंगलौर चुनाव को लेकर आईजी रेंज से मिले मुस्लिम सेवा संगठन के प्रतिनिधि

देहरादून(संवाददाता)। मंगलौर चुनाव मतदान के दौरान पुलिस पर आरोप लगाते हुए मुस्लिम सेवा संगठन के प्रतिनिधि आईजी गढ़वाल रेंज करन सिंह नगन्याल से मिले। उन्होंने ज्ञापन देते हुए प्रत्याशी या पार्टी विशेष को पुलिस से फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। इसमें जांच की मांग की। मुस्लिम सेवा संगठन और तंजीम आइमा मस्जिद का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी के नेतृत्व देहरादून में आईजी रेंज से मिला। आईजी को ज्ञापन देने हुए कहा कि कुछ पुरुष पुलिस कर्मियों ने पोलिंग बूथों पर मुस्लिम महिला मतदाताओं का नकाब हटकर देखने का प्रयास किया। ऐसी स्थिति में महिला पुलिसकर्मी का होना आवश्यक होता है। इसके अलावा मुस्लिम मतदाताओं से अभद्रता और पोलिंग बूथों पर लाठी चार्ज किया गया।

पुलिस का यह चेहरा अच्छे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है की किसी प्रत्याशी विशेष या पार्टी विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए यह किया गया है। मामले में आईजी उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। इस दौरान मुस्लिम सेवा संगठन के उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी, महासचिव सद्दाम कुरैशी, इंजीनियर सलीम शाह, मौलाना हासिम उमर, मौलाना कादिर, मौलाना आमिर कारी, फहीम मलिक शामिल रहे।

# नम आंखों से दी कठुआ के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि




विकासनगर,संवाददाता। जम्मू-कश्मीर के कठुवा में सोमवार को हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के पांच जवानों की शहादत पर विकासनगर शहर कांग्रेस कमेटी नमन कर केंद्र सरकार से आतंकवाद का खात्मा करने की मांग की।शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए तिलक भवन में एकत्र हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सैनिक संगठन के अध्यक्ष हाकम सिंह चंदेल ने कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस शहीदों के परिजनों के साथ खड़ी है। प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड वीरों का राज्य है। यहां के तमाम युवा फौज में हैं, जो देश की रक्षा कर रहे हैं। उत्तराखंड राज्य अपने पांचों शहीदों को कभी भुला नहीं पाएगा। पूर्व जिला अध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कि अब वक्त आ गया है आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। पीसीसी मेंबर संजय जैन ने कहा कि भारतीय फौज को इस हमले का जवाब अवश्य देना चाहिए। इस घटना के शामिल सभी आतंकवादी और उनके मददगारों का खात्मा किया जाना जरूरी है। इस दौरान शहर अध्यक्ष कितेश जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, निवर्तमान महासचिव राजीव शर्मा, निवर्तमान सभासद शम्मी प्रकाश, बलजीत सिंह, संदीप भटनागर, अभिषेक शर्मा, धीरेंद्र तड़ियाल, विरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सहस्त्रधारा के पुराने ट्रंचिंग ग्राउंड में एक साल में करें लिगेसी वेस्ट का निस्तारण: गौरव

देहरादून(संवाददाता)। सहस्त्रधारा स्थित नगर निगम के पुराने ट्रंचिंग ग्राउंड में जमीन में दबे और डंप लीगेसी वेस्ट के निस्तारण को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने एक साल का अल्टीमेटम दिया है। अधिकारी ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान कंपनी के पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।नगर आयुक्त दोपहर करीब एक बजे पुराने ट्रंचिंग ग्राउंड पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सेलाकुई के शीशमबाड़ा में स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के बनने से पहले तक सहस्त्रधारा में देहरादून शहर का कूड़ा डंप होता था। आईआईटी रुड़की की टीम के मुताबिक यहां करीब पांच लाख मीट्रिक टन कूड़ा जमीन में दबा है कुछ डंप है। इसमें से अस्सी हजार मीट्रिक टन अब खाद बन चुका है। शेष सवा चार लाख मीट्रिक टन कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण होना है। अनुबंधित कंपनी सागर मोटर्स के पदाधिकारी राजीव मौर्या ने नगर आयुक्त को अवगत करवाया कि कुछ आधुनिक मशीनें देहरादून मंगवा ली गई हैं और जल्द यहां एक मिनी प्लांट स्थापित हो जाएगा। ताकि तेजी से कूड़ा निस्तारण का काम पूरा हो सके।

उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी अन्य राज्यों में भी यह कार्य कर रही है। जानकारी दी कि लीगेसी वेस्ट से ब्रिक्स बनाई जा सकती है। इसमें से खाद और मिट्टी को अलग किया जाएगा, आरडीएफ को निस्तारण के लिए सीमेंट फैक्ट्रियों को भेजा जाएगा। इस दौरान अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ डीसी तिवारी आदि मौजूद रहे।नगर निगम के सेलाकुई में स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में चार लाख मीट्रिक टन से ज्यादा लीगेसी वेस्ट जमा है। इसके निस्तारण को निगम ने टेंडर जारी किया है। लेकिन यहां प्लांट परिसर में अब भी भारी मात्रा में नया कूड़ा डंप हो रहा है।

आरडीएफ का निस्तारण नहीं हो पा रहा। इसलिए निगम ने समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं करवाया तो आगे मुश्किलें बढ़ेंगी। नगर आयुक्त ने कहा कि व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निगम ठोस कदम उठा रहा है।

## दून के 121 केंद्रों पर होगी यूकेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

देहरादून। उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/ प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल रविवार को देहरादून के १२१ केंद्रों पर होगी। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर २०० मीटर के दायरे में धारा १६३ लागू करने के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी सोनिका ने बताया कि दून शहर में ८७, विकासनगर और ऋषिकेश में १७-१७ केंद्रों पर यह परीक्षा होगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली में सुबह १० से १२ बजे और दूसरी पॉली दो से चार बजे के बीच होगी।

# बंद घर में हुई चोरी में तीन गिरफ्तार, तीन लाख की नगदी बरामद

देहरादून। कारगी विजलेंस ऑफिस के नजदीक बंद घर में हुई चोरी का शुक्रवार को पटेलनगर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया। एक गैंगस्टर समेत तीन आरोपी गिरफ्तार करते हुए उनसे तीन लाख रुपये नगदी बरामद की गई। घटना करने में प्रयुक्त बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि बीते आठ जुलाई को अशोक कुमार शर्मा निवासी निकट विजिलेंस ऑफिस की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

वह बीते पांच जुलाई को घर का ताला लगाकर परिवार समेत दर्शन के लिए राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर गए। सात जुलाई की रात करीब एक बजे वापस लौटे। इस दौरान देखा तो घर का मुख्य दरवाजा टूटा मिला। अंदर प्रवेश किया तो अलमारी का लॉकर भी टूटा था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी से हजारों रुपये नगदी और कीमती गहने चुराकर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी चिन्हित किए। शुक्रवार को ओम सिटी जाने वाले मार्ग से बाइक सवार चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए। आरोपियों ने अपना नाम महफूज पुत्र महबूब निवासी निकट नर्सरी पंजाबी कालोनी, थाना पटेलनगर, नासिर उर्फ माटू पुत्र बाबू अहमद निवासी गली नंबर पांच आजाद कालोनी, थाना पटेलनगर और सादिक उर्फ सोनू पुत्र साहिद निवासी माधौपुर थाना गंगनहर जिला हरिद्वार बताया। आरोपियों से तीन लाख रुपये नगदी बरामद हुई। यह नगदी आरोपियों ने अशोक कुमार शर्मा के घर से चोरी की थी। आरोपियों में नासिर थाना नेहरू कॉलोनी का चोरी के अपराध में गैंगस्टर है। उसके खिलाफ पहले से जिले में पांच मुकदमे दर्ज हैं।

# कांवड़ मेले से पूर्व सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की

हरिद्वार, संवाददाता। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने कांवड़ मेले से पूर्व सड़कों की मरम्मत की मांग की है। व्यापारियों की बैठक के दौरान सुनील सेठी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई की लापरवाही जनता पर भारी पड़ रही है। भीमगोड़ा, ललतारो पुल के पास, शंकराचार्य चौक, भूपतवाला, पावन धाम, सर्वानंद घाट रोड, अपर रोड आदि पर सड़कों में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। टूटी सड़कों की वजह से आमजनता और स्कूली बच्चे चोटिल हो रहे हैं।


हाईवे किनारे पटरी पर भी यही हाल है। जिससे कांवड़ यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गड्ढों में बरसात का पानी भरने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सेठी ने मुख्यमंत्री से सड़कों की मॉनिटरिंग करने की मांग भी की।

मांग करने वालो में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष जितेंद्र चोरसिया, महामंत्री नाथीराम सैनी, जिला उपाध्यक्ष पंकज माटा, महानगर उपाध्यक्ष सुनील मनोचा, मुकेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीत कमल सारस्वत, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, खड़खड़ेश्वर अध्यक्ष भूदेव शर्मा, विनेश शर्मा, दीपक कुमार, सोनू चौधरी, एसएन तिवारी, अनिल कोरी, राकेश सिंह, पवनपांडे, नंदकिशोर पांडे, राहुल शर्मा, धर्मपाल सिंह, एसके सैनी आदि शामिल रहे।

# राज्यपाल ने राष्ट्रपति मुर्मु से शिष्टाचार भेंट कर देश व प्रदेश के समसामयिक विषयों पर की चर्चा

देहरादून(संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट कर देश व प्रदेश के समसामयिक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि भारत की एकता और अखंडता को प्रदर्शित करने के उत्सव के रूप में मनाए जा रहे ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' अभियान के अंतर्गत राजभवन उत्तराखण्ड में पिछले वर्ष सभी राज्यों का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया है, और इस वर्ष से दूसरा चक्र भी प्रारम्भ हुआ है। साथ ही राष्ट्रपति को जानकारी दी कि टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत उत्तराखण्ड में ५ हजार से अधिक गांवों में द्रुत गति से कार्य किया जा रहा है जिसकी प्रगति संतोषजनक है। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों की उन्नति के लिए नवाचार युक्त प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को नैनीताल राजभवन के १२५ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नैनीताल राजभवन एवं मानसखण्ड भ्रमण हेतु आमंत्रित किया और नैनीताल राजभवन के गौरवशाली १२५ वर्षों की यात्रा पर आधारित कॉफी टेबल बुक व लघु फिल्म एवं राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव-२०२४ पर आधारित कॉफी टेबल बुक भी भेंट की।



# हरेला पर हर स्कूल में छाया व फलदार पौधे रोपे जाएंगे

देहरादून। प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में लोक पर्व हरेला को बड़े पैमाने पर मनाया जायेगा। सभी स्कूलों में दो लाख से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम पांच और हाईस्कूल-इंटर कालेज में दस पौधे अनिवार्य रूप से रोपे जाएंगे। शुक्रवार को शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी सीईओ को इसके निर्देश दिए। हरेला का आयोजन १६ जुलाई को होना है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि पौधरोपण में फलदार और छायादार प्रजाति के पौधों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। इसके तहत बेल, अमरूद, जामुन, आंवला, संतरा, माल्टा, नींबू, खुमानी, चुल्लू सहित स्थानीय जलवायु के मुताबिक पौधे लगाये जायेंगे। जो पौधे रोपे जाएंगे, उनके संरक्षण और विकास के लिए स्कूल के स्तर पर उचित व्यवस्था करनी होगी। हरेला पर पर्यावरण संरक्षण एवं संर्द्धन को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें निबंध, कला, पोस्टर, पेंटिंग, वाद-विवाद, भाषण आदि शामिल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-२०२० के प्रावधानों के अनुसार पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन से संबंधित अध्याय शीघ्र ही पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएंगे।

## पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

विकासनगर। पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति ने सेलाकुई के सत्येंद्र चौक पर पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। समिति के अध्यक्ष निरंजन चौहान ने कहा कि पाकिस्तान आमने सामने की जंग कभी भी भारत से नहीं जीत सकता है, जिसके चलते वो इस तरह की कायराना हरकत करता है। कहा कि हमारे सैनिक हर परिस्थिति में दुश्मन को मुहंतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। श्रद्धांजलि देने वालों में खड़क सिंह सावंत, सूर्य बहादुर राणा, सुरेंद्र सिंह गुसाई, मोहन थापा, चौतन्य अनिल गौड़, राज गंगसारी, भगवती प्रसाद, सुखदेव सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# प्रवेश में फर्जीवाड़े की शिकायत पर छात्रों ने किया प्राचार्य का घेराव

विकासनगर(संवाददाता)। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के दौरान अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए छात्र संघ पदाधिकारियों ने शुक्रवार को प्राचार्य का घेराव किया।घेराव करने प्राचार्य कार्यालय पहुंचे छात्रों का नेतृत्व कर रहे छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष बिष्ट ने कहा कि स्नातक प्रथम वर्ष कला संकाय में प्रवेश के दौरान फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। १६ अभ्यर्थियों को बिना काउंसलिंग कराए ही प्रवेश दे दिया, जिससे मेरिट सूची में आए विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह जाएंगे। कहा कि पूरे प्रदेश में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था की गई है। समर्थ पोर्टल से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की गई, जिन्हें काउंसलिंग के बाद प्रवेश दिया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि वो १६ अभ्यर्थी कौन हैं, जिन्हें नियम विरुद्ध प्रवेश दिया गया और किसकी सिफारिश पर यह फर्जीवाड़ा किया गया। उन्होंने प्राचार्य से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जांच रिपोर्ट छात्रों के सामने रखने की मांग की। बताया कि जांच नहीं होने पर सभी छात्र संगठन एकजुट होकर आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। घेराव करने वालों में अंशित तिवारी, राहुल विद्वान आदि शामिल रहे।



## चमोली जिला प्रशासन तीर्थयात्रियों की हर संभव मदद में जुटा

देहरादून। बदरीनाथ हाईवे जोशीमठ के जोगीधारा में दुपहिया वाहनों के साथ ही पैदल आवाजाही के लिए सुचारु कर दिया गया है। साथ ही सीमा सड़क संगठन की ओर से यहां हाईवे पर बड़े वाहनों की आवाजाही सुचारु करने के लिये सुधारीकरण कार्य किया जा रहा है। जबकि यहां प्रशासन की ओर से हाईवे बाधित होने रुके तीर्थयात्रियों की हर संभव मदद की जा रही है। यहां प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों के आवास व भोजन की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि जोशीमठ में बाधित हाईवे को खोलने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बीआरओ की ओर हाईवे पर वाहनों की आवाजाही जल्द शुरु करवाने की बात कही गई है। वहीं दूसरी ओर हाईवे के बाधित होने से दोनों रुके तीर्थयात्रियों के लिये प्रशासन की ओर स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से भोजन व आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही तीर्थयात्रियों के आवास की भी व्यवस्था की गई है। कहा कि पैदल आवाजाही कर रहे तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए मौके पर एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

## गर्ल्स हास्टल की निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार ढही

चमोली। राजकीय पीजी गैरसैंण के गर्ल्स हॉस्टल की निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार बीते दिन भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि उस समय कोई इसकी चपेट नहीं आया। बता दें कि मंडी परिषद के द्वारा पीजी कॉलेज गैरसैंण के फरकंडे परिसर में वर्तमान में करोड़ो की लागत से गर्ल्स हॉस्टल और इनकी चाहर दीवारी का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बीते दिनों निर्माणाधीन चाहरदीवारी का कुछ भाग भरभरा कर गिर गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएन बरमोला का कहना था कि महाविद्यालय में गर्ल्स हास्टल और चाहरदीवारी का कार्य प्रगति पर है जिसका कुछ भाग गिर गया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा सिंह फनियाल ने मानकों के अनुसार निर्माण कार्य न होने की दशा में आंदोलन की बात कही। इस संबंध में पूछने पर मंडी परिषद के सहायक अभियंता बीएल गुप्ता ने बताया कि बारिश के कारण चाहरदीवारी का लगभग २० मीटर भाग गिर गया जिस पर पुन: निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है।

## 74 घंटे बाद दुपहिया वाहनों एवं पैदल आवाजाही हुई शुरू

चमोली। जोशीमठ नगर से लगभग एक किमी आगे नगर पालिका कूडा डैंपिंग जोन के निकट मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे पहाड़ी टूटने से बंद हुआ बदरीनाथ हाईवे ७४ घंटे बाद दोपहियां वाहनों के लिए खोला जा सका। बीआरओ ने पिछले तीन दिनों से दिन रात कार्य कर शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे हाईवे को दोपहिया वाहनों के लिए खोला। बड़े वाहनों में सवार अन्य लोगों की आपत्ति के बाद दोपहर ढाई बजे मार्ग बंद कर मलबा हटाकर चौड़ीकरण का काम शुरु किया गया। गुरुवार रात को बीआरओ ने हेवी ब्लास्ट कर सड़क किनारे टूटकर आई एक बड़ी चट्टान को तोड़ा जिसके बाद मशीनों की सहायता से चट्टान के टुकड़ों को सड़क से हटाया गया। सुबह साढ़े छह बजे के बाद यहां पर मशीनों की सहायता से पहाड़ी से आये मलबे को समतल करने का कार्य शुरू किया गया। और सुबह प्रात: साढ़े नौ बजे दोपहिया वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क तैयार की गई। क्योकि यहां पर अभी भी खड़ी चढ़ाई बनी हुई है इसलिए पुलिस प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, बीआरओ ने अपने जवानों को तैयार हुई कच्ची सड़क के किनारे किनारे खड़ा कर एक-एक करके दुपहिया वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई। बीच-बीच में लोगों को लाईन में लगाकर उन्हें भी एक किनारे से दूसरे किनारे भेजा गया।

## हरेला पर्व को लेकर सिविल जज ने ली बैठक

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के निर्देश पर शुक्रवार को सिविल जज अलका ने हरेला पर्व को लेकर शिक्षकों, पुलिस प्रशासन सहित अधिवक्ताओं की बैठक ली। बैठक में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर अलका ने उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला पर तहसील परिसर सहित नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य अर्जुन सिंह भण्डारी, श्रीनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, संरक्षक बार एसोसिएशन अनूपश्री पांथरी, तहसीलदार धीरज सिंह राणा, एसआई अजय रमन,जीजीआई श्रीनगर के प्रधानाचार्य एसएस मेहरा, आभा कठैत, सुभाष कुमार, पूनम हटवाल, सचिन ब्रह्मानंद भट्ट, देवी प्रसाद खरे एडवोकेट, सुधीर उनियाल, प्रदीप मैठाणी सहित आदि मौजूद रहें।

## गिरगांव में कूड़े से उठने वाले दुर्गंध से ग्रामीण परेशान

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम श्रीनगर के गिरगांव स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़े की गंध से लोग परेशान हैं। गिरगांव, बिलकेदार, नकोट, धनचडा, दिगोली, देहलचौरी, धौलकंडी, संपला, पाली, बिंदला सहित आस पास के ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंचिंग ग्राउंड होने वाली समस्याओं को लेकर भाजपा श्रीनगर मंडल मीडिया प्रभारी बिपेंद्र बिष्ट ने नगर आयुक्त नुपूर वर्मा से वार्ता की। बिपेंद्र बिष्ट ने कहा कि कि नगर निगम श्रीनगर के द्वारा कचरा संग्रहण के लिए गिरगांव में ट्रंचिंग ग्राउंड बनाया गया है। जो कि चारों तरफ से टीन चादर से बनाया गया है। ट्रंचिंग ग्राउंड का उचित प्रबंध न होने के कारण कूड़े से दुर्गंध आ रही है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना

**देहरादून ( संवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी जन समस्याएं आ रही हैं, उनका समयबद्धता से निस्तारण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकांश जन समस्याओं और शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। कुछ जन समस्याओं को सबंधित विभागों को कार्यवाही करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। जन समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों को भेजे गये पत्रों पर क्या कारवाई हुई, इसकी मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा मॉनिटरिंग की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता में रखा जाए।



मुख्यमंत्री के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता एवं अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी की समस्याओं का यथासंभव समाधान किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सरकारी कार्यालयों में अनावश्यक रूप से न आना पड़े, सरकार द्वारा अधिकांश सेवाएं ऑनलाईन माध्यम से दी जा रही है। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की है कि अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से दी जा रही विभिन्न ई-सेवाओं का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारियों को तहसील दिवस और बीडीसी की नियमित बैठकें करने के निर्देश दिये गये हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ब्लॉक, तहसील और जनपद स्तर पर ही जन समस्याओं का समाधान करवाना है। सभी जिलाधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में जनसुनवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में 1350 से अधिक पार्टी पदाधिकारी भाग लेंगे

**देहरादून ( संवाददाता )।** भाजपा की सोमवार को एक दिवसीय विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित होने जा रही है। जिसमे केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में प्रदेश भर से आए लगभग 1350 से अधिक पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लगाई जीत की हैट्रिक एवं मुख्यमंत्री धामी के सफल तीन साल के कार्यकाल को लेकर प्रस्ताव पारित करने के साथ संगठन की आगामी गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।बैठक की तैयारी को लेकर आयोजन स्थल ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में प्रदेश महामंत्री संगठन से अजेय कुमार की उपस्थिति में महत्वपूर्ण व्यवस्था बैठक संपन्न हुई। जिसकी जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चैहान ने कहा कि प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने बैठक को लेकर बनाई गई सभी व्यवस्था विभाग की टीमों के कार्यों की समीक्षा की। जिसके तहत कार्यालय विभाग, अथिति स्वागत विभाग, पंजीकरण विभाग, आवास विभाग, वीवीआईपी विभाग, भोजन व्यवस्था विभाग, संकेतक विभाग, प्रदर्शनी विभाग, साज सज्जा विभाग, सभागार एवं मंच विभाग, सभागार व्यवस्था विभाग, आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग, स्वच्छता विभाग, चिकित्सा विभाग, पार्किंग विभाग से संबंधित पार्टी पदाधिकारियों ने विस्तार से अपने कामों की जानकारी दी।

कल होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री चैहान ने बताया कि कार्यसमिति दौ में सत्रों में होगी, जिसके तहत प्रथम सत्र की शुरुआत 11रू00 बजे दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम एवं प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के प्रस्तावना भाषण से होगी। जिसके उपरांत मुख्यमंत्री से पुष्कर सिंह धामी का उद्घाटन भाषण एवं केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा समेत समस्त नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन किया जाएगा। तदोपरांत मोदी जी के तीसरी बार पीएम बनने पर आभार प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी एवं पार्टी के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस दौरान पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यसमिति के दूसरे सत्र में राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल द्वारा लोकसभा चुनाव विश्लेषण प्रस्तुत किया जाएगा। जिसके बाद प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार द्वारा संगठन की आगामी गतिविधियों एवं चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी साझा की जाएगी। बैठक में पुष्कर सिंह धामी के बतौर मुख्य मंत्री 3 साल के सफल कार्यकाल पर बधाई प्रस्ताव भी रखा जाएगा। कार्यसमिति के समापन भाषण के संदर्भ मे प्रतिभागियों को केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संचालन में आज की इस व्यवस्था बैठक में प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चैधरी, राजेंद्र बिष्ट, पुनीत मित्तल, आदित्य चोहान, पूर्व महापौर सुनील उनियाल गामा समेत सभी विभागों के पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गुणवत्ता नियंत्रण और मानकों की जानकारी दी

देहरादून,संवाददाता। भारतीय मानक ब्यूरो ने शुक्रवार को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के हॉल में महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग के अधिकारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें भारतीय मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों और कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार, सहायक निदेशक भाविक राजगोर और बीआईएस के देहरादून शाखा प्रमुख सौरभ तिवारी ने किया। बीआईएस के देहरादून शाखा प्रमुख सौरभ तिवारी ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभाग में गुणवत्ता मानकों की जागरूकता और कार्यान्वयन को बढ़ाना था। भाविक राजगोर ने राज्य में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सुरक्षा, स्थायित्व और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानकों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के राज्य समन्वक अम्बरीश कुमार, मीनाक्षी, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# लेखपाल संघ 18 जुलाई से जिलाधिारी कार्यालय पर धरना देगा

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** लक्सर तहसील के लेखपाल के साथ मारपीट के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उत्तराखंड लेखपाल संघ 18 जुलाई से डीएम कार्यालय पर धरना देगा। लेखपालों के कार्यबहिष्कार के चलते तहसीलों में राजस्व संबंधी नहीं हो पा रहे हैं। इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी लक्सर तहसील में उनका धरना जारी रहा। उत्तराखंड लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष देवेश घिल्डियाल ने बताया कि बीते 18 जून को लक्सर तहसील के लेखपाल के साथ एक प्रधान ने अभद्रता कर मारपीट की थी। पुलिस की ओर से आरोपी पर मुकदमा भी दर्ज किया गया लेकिन अभी तक आरोपी प्रधान की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। आरोप लगाया कि राजनीतिक संरक्षण के चलते आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है।

# सीएमएफ फोन 1, सीएमएफ बड्स प्रो 2 और सीएमएफ वॉच प्रो 2 की बिक्री शुरू

**देहरादून ( संवाददाता )।** लंदन की टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड सीएमएफ ने आज भारतीय समय के अनुसार दोपहर 12 बजे से बहुप्रतीक्षित सीएमएफ फोन 1, सीएमएफ बड्स प्रो 2 और सीएमएफ वॉच प्रो 2 की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। सीएमएफ फोन 1 अपने सेगमेंट की सबसे बेहतरीन पर्फोर्मेंस प्रदान करता है। यह भारत का पहला फोन है जिसमें मीडियाटेक डाइमेंशन 7300 5जी प्रोसेसर दिया गया है। इस फोन को तेज, भरोसेमंद और कुशल पावर जैसी खूबियों के साथ नथिंग के साथ मिलकर तैयार किया गया है। 5000 एमएएच की बैटरी के साथ, यूजर्स इस फोन को एक बार चार्ज करने पर दो दिन तक इसका उपयोग कर सकते हैं। 16 ळठ तक की रैम के साथ, आप इससे बहुत ही स्मूथ मल्टीटास्किंग का मजा उठा सकते हैं। सीएमएफ वॉच प्रो 2 एक वर्सटाइल और स्टाइलिश स्मार्टवॉच है, इसमें एक इंटरचेंजेबल बेजल डिजाइन, 1.32श् एमोलेड ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले है जो हाई रिजॉल्यूशन प्रदान करता है। इसके साथ ही इसमें 100 से अधिक वॉच फेस कस्टमाइजेबल विकल्प भी दिए गए हैं। यह 120 से ज्यादा स्पोर्ट्स मोड और 5 स्पोर्ट के ऑटोमेटिक रिकॉग्निशन को सपोर्ट करता है। इसमें चैबीसों घंटे हेल्थ मॉनीटरिंग, ब्लूटूथ कॉल, म्यूजिक कंट्रोल और नोटिफिकेशन एवं रिमोट कैमरा कंट्रोल जैसे इंटेलिजेंट फीचर्स भी दिए गए हैं। आईपी68 वाटर एवं डस्ट रजिस्टेंस के साथ, यह एक एक्टिव लाइफस्टाइल सपोर्ट करती है। इसमें 11 दिनों तक की बैटरी लाइफ मिलती है।

# ओप्पो इंडिया ने लॉन्च की रेनो12 5जी सीरीज

**देहरादून, ब्यूरो।** ओप्पो इंडिया ने रेनो 12 सीरीज लॉन्च की। यह देश में एआई फोन की उपलब्धता बढ़ाने की ओर कंपनी का पहला कदम है। रेनो 12 सीरीज आपकी दैनिक सहयोगी है। इसमें एआई इरेजर 2.0, एआई क्लियर फेस, और स्मार्ट इमेज मैटिंग 2.0 जैसी खूबियाँ हैं, जो बिना किसी जटिल इमेज एडिटिंग के बेहतरीन और मनोरंजक फोटो प्रदान करती हैं। इस डिवाइस में एआई टूलबॉक्स दिया गया है, जो गूगल जेमिनी एलएलएम द्वारा पॉवर्ड है। इसमें टूलबॉक्स में एआई राईटर, एआई समरी, एआई स्पीक आदि हैं, जिनसे दैनिक उत्पादकता बढ़ती है। इस लॉन्च के बारे में पीटर डोह्युंग ली, हेड ऑफ प्रोडक्ट स्ट्रेट्जी, ओप्पो ने कहा कि रेनो 12 सीरीज ओप्पो की एक बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ हमने एआई फोन को अपनाने में तेजी लाई है। रेनो सीरीज में ओप्पो की आधुनिक जेनएआई क्षमताएं, फ्यूचरिस्टिक फ्लुड डिजाईन, और अतुलनीय एनर्जी एफिशियंसी दी गई हैं, जिनसे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

# गुलदार की आहट से ग्रामीणों में दहशत



**हरिद्वार ( संवाददाता )।** जिले के लक्सर में अलग-अलग जगहों पर गुलदार की आहट से लोगों में दहशत का माहौल है। किसान अकेले खेतों में जाने से घबरा रहे हैं। आबादी से सटे इलाकों में भी गुलदार देखे जाने से डर का माहौल बना हुआ। वहीं, वन विभाग की टीम ड्रोन कैमरे से गुलदार की निगरानी कर रही है।

कुछ स्थानों पर ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन टीम को अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। हाल ही में लक्सर के दाबकी गांव में एक ग्रामीण के घेर में बंधे बछड़े पर किसी शिकारी जानवर ने हमला कर दिया था। इस बीच दाबकी गांव में ट्यूबवेल के पास गुलदार जैसा जानवर देखा गया। साथ ही क्षेत्र में गुलदार के पदचिह्न भी देखे गए। इसके अलावा लक्सर, अकोढा, सुल्तानपुर, भक्तानपुर आदि गांव में गुलदार देखे जाने की खबर है। सीमली के कुलदीप वाल्मीकि, मोनू, मंजीत, सुनील आदि ने बताया कि अभी तक मवेशियों पर हमले जो निशान मिले हैं, वो गुलदार के लग रहे हैं। आबादी क्षेत्र में गोवंश पर हमले की घटना के बाद अब स्थानीय लोगों में गुलदार का डर और ज्यादा बढ़ गया है। वन विभाग भी गुलदार की तलाश में जुटा हुआ है। गुलदार की मौजूदगी की खबरों से लोगों में दहशत है। ग्रामीण जहां रात के समय बाहर निकलने घबरा रहे हैं तो वहीं किसान अकेले खेतों में जाने से डर रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार के लिए बाहर जाने वाले ग्रामीण देर रात वापस लौटने से कतरा रहे हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। किसानों को भी अकेले खेतों में न जाने की हिदायत दी गई है। फिलहाल, पूरे क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी दहशत का कारण बनी हुई है।

## प्रशिक्षण शिविर में लिया खस समुदाय को जनजाति का दर्जा दिलाने का संकल्प

**देहरादून ( संवाददाता )।** राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में तमाम कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड के खस समुदाय को जनजाति का दर्जा दिलाई जाने के लिए निर्णायक संघर्ष करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य वक्ता के तौर पर उत्तराखंड एकता मंच के अध्यक्ष अनुप बिष्ट और निशांत रौथान ने कहा कि जनजातीय दर्जा दिलाए जाने के लिए राजनीतिक दल के रूप में सबसे पहले राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने अपनी भूमिका निभाई है, इसलिए उत्तराखंड एकता मंच राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी को इस मुद्दे पर अपना समर्थन देता है। निशांत रौथान ने कहा कि यदि उत्तराखंड के पर्वतीय समुदाय को जनजाति का दर्जा नहीं मिला तो एक दिन गढ़वाली और कुमाऊनी समुदाय की पहचान खतम हो जायेगी। इस अवसर पर राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि इसके लिए राजनीतिक और सामाजिक दोनो स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आरआरपी की प्रदेश संगठन सचिव सुलोचना ईष्टवाल ने बताया कि जल्द ही जिला स्तर पर भी इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र पंत ने की। प्रशिक्षण शिविर मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय डोभाल, विनोद कोठियाल, प्रमोद डोभाल, बलवीर नेगी, गुलाब सिंह रावत, उमा खंडूड़ी, भगवती नौटियाल दयाराम मनोड़ी, सुशीला पटवाल, शांति रावत,रेनू नवानी, रामेश्वरी नेगी, लता रावत, पिंकी मिश्रा, आदि तमाम कार्यकर्ता शामिल थे।

## पानी लेने गयी महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** जनपद के लक्सर में एक महिला ने एक युवक पर दुष्कर्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस को मिली तहरीर के अनुसार घर के बाहर लगे सरकारी नल पर पानी भरने गई महिला को युवक ने बुरी नीयत से दबोच लिया व उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते दिन वह अपने घर के बाहर लगे सरकारी नल पर पानी भर रही थी कि इसी बीच गांव का ही युवक वहां आया और पीछे से उसे पकड़ लिया व अश्लील हरकतें करते हुए उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए नाखूनों से चेहरे पर जानलेवा हमला किया गया। शोर शराबे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। जिस पर आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं इस बाबत लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथान ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# छात्र संघ चुनाव में छात्राओं को मिलेगा 50 फीसद प्रतिनिधित्व : डॉ धन सिंह रावत



**देहरादून ( संवाददाता )।** प्रदेश के राजकीय व अशासकीय महाविदयालय के साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में होने वाले छात्रसंघ चुनाव में छात्राओं को पचास फीसद प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। इसके साथ ही छात्रसंघ में मेधावी छात्र छात्राओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। जिसके निर्देश विभागीय मंत्री डा धन सिंह रावत ने प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को दे दिए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के अंतर्गत छात्रसंघ एवं छात्र परिषदों में छात्राओं को 50 फीसदी प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। इसके लिये सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रसंघ सिर्फ राजनीति के लिए नहीं अपितु रचनात्मक गतिविधियों एवं शैक्षिणिक माहौल तैयार करने का काम करेंगे। इसके लिए सभी विश्वविद्यालय परिसरों एवं महाविद्यालयों के छात्रसंघों एवं छात्र परिषदों में मेधावी छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

विभागीय मंत्री ने बताया कि प्रदेश में उच्च शिक्षण संस्थानों में कुल 152387 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं जिसमें छात्राओं की संख्या 100272 जबकि छात्रों की संख्या 52115 है। यानी 65.8 फीसद छात्राएं हैं और 34.2 छात्र हैं। जिसमें से राजकीय महाविद्यालय परिसरों में कुल 97997 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं जिसमें 30130 छात्र व 67867 छात्राएं शामिल हैं। वहीं अशासकीय में 34590 में 14730 छात्र व 19860 छात्राएं हैं। विश्वविद्यालयी परिसरों में कुल 19800 विद्यार्थी हैं जिसमें 7255 छात्र व 12545 छात्राएं शामिल हैं।

डॉ रावत ने बताया कि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के अनुरूप चुनाव कराए जाएंगे। विश्वविद्यालयों के छात्रसंघ संविधान में जो भी बदलाव अपेक्षित हैं उन्हें करने के लिए संबंधित संस्थानों के कुलपतियों को निर्देश दिए गए हैं।

# श्री सांई शिवगंगा धाम में स्थापित की गयी सांई बाबा व पारद शिवलिंग की स्थापना

बहादराबाद संवाददाता। श्री शिरडी साईं समर्थ ट्रस्ट द्वारा हरिद्वार दिल्ली हाईवे पर पतंजलि के निकट स्थापित श्री साईं शिवगंगा धाम में शुक्रवार को दो दिवसीय अनुष्ठान के पश्चात साईं बाबा व इच्छापूर्ति पारद शिवलिंग ध्यान लिंगम की पूर्ण विधि विधान से स्थापना की गयी।

संस्था के संस्थापक राजीव बंसल ने बताया कि 22 बीघा में भव्य रूप से स्थापित साईं धाम हरिद्वार व चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनेगा। राजीव बंसल ने बताया कि मन्दिर में पारद शिवलिंग की स्थापना की गयी है। शिवलिंग की ऊंचाई 4.5 फीट ऊंचा तथा गोलाई 1.5 फीट है। 5400 किलो वजनी यह शिवलिंग विश्व का सबसे बड़ा पारद शिवलिंग है। विश्व शांति की भावना से स्थापित शिवलिंगम को विशेष जड़ी बूटीयों से सस्कारित कर बनाया गया है। जिसे गिरनार गुरु गोरखनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष ध्यानगुरु रघुनाथ येमूल के संयोजन में तैयार किया गया है।

बंसल ने बताया कि साईं बाबा की उनके ऊपर हमेशा ही कृपा रही है। साईं बाबा की कृपा से ही वह इस मुकाम पर पहुंचे हैं। कोरोना काल में साईं बाबा की कृपा से उन्हें इस मन्दिर की स्थापना की प्रेरणा प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि साईं बाबा की कृपा से विश्व में शांति का वास होगा तथा भारत विश्व में अग्रणी भूमिका अदा करेगा।

ध्यानगुरु रघुनाथ येमूल ने बताया कि 5400 किलो के इस शिवलिंग में 3333 किलो शुद्ध पारा लगाया गया है। इस शिवलिंग को पूर्ण करने हेतू 2019 में गुजरात में अश्वमेध यज्ञ करवाकर पूर्ण किया गया है। इस शिवलिंग के निर्माण में 10 साल का समय लगा तथा अनेकों जड़ी बूटीयो से पारे को सिद्ध कर संस्कारित करने के बाद 41 दिनों की कठोर साधना के बाद इसका निर्माण पूर्ण हुआ। इसके निर्माण में 10 वर्ष का समय लगा तथा शिवलिंग को पूर्ण करने के लिए 2019 में गुजरात में अवश्वमेघ यज्ञ भी कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

## राज्य में 405 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न हुई परीक्षा

**देहरादून ( संवाददाता )।** उत्तराखंड लोकसेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल, प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2024 का आयोजन रविवार को दो सत्रों में प्रथम सत्र पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र अपराह्न 02 बजे से अपराह्न 04 बजे तक किया गया। उक्त परीक्षा राज्य के 13 जनपदों में कुल 405 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न हुई। उक्त परीक्षा में कुल पंजीकृत 1,49,509 अभ्यर्थियों में से प्रथम सत्र में 71,264 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 78,245 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। इस प्रकार प्रथम सत्र में उपस्थित अभ्यर्थियों का कुल प्रतिशत 47.67 रहा। द्वितीय सत्र में 69,992 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 79,517 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, इस प्रकार द्वितीय सत्र में उपस्थित अभ्यर्थियों का कुल प्रतिशत 46.81 है।

## व्यापारियों ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

हरिद्वार। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल एवं जिला व शहर हरिद्वार व्यापार मण्डल के व्यापारियों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने कांवड़ मेले की तैयारियों का जायजा लेने हरिद्वार आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बुके देकर और पटका पहनाकर स्वागत किया तथा कावड़ मेले के दौरान व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों को कोई परेशानी ना होने देने की मांग की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन देते कहा कि हरिद्वार की जनता और व्यापारियों को किसी भी प्रकार समस्या नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने शासन प्रशासन का सहयोग करने के लिए व्यापारियों को बधाई भी दी। स्वागत करने वालों में प्रदेश सचिव विजय शर्मा, जिला महामंत्री संजीव नैय्यर, शहर अध्यक्ष राजीव पराशर, शहर महामंत्री अमन शर्मा, शहर कोषाध्यक्ष राम अरोड़ा, जिला युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला संयुक्त महामंत्री राजेश पुरी, जिला उपाध्यक्ष विपिन शर्मा, शहर व्यापार मंडल के मुख्य संयोजक कमल बृजवासी, संयोजक प्रदीप कालरा, शहर उपाध्यक्ष संजय अरोड़ा, नागेश वर्मा, प्रदीप अग्रवाल,र बलकेश राजोरिया आदि शामिल रहे।

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया।
**सम्पादकः अवनीश कुमार, मो0 9410553400**
ई-मेलः liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।